हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

28 फ़रवरी 2025, समय 1810

- हरियाणा में आज नगर निकाय चुनाव के लिए प्रचार चरम पर रहा। सभी राजनीतिक दलों ने लोगों से अपने उम्मीदवारों के लिए समर्थन माँगा।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस्माईलाबाद अंबाला जाखल जुलाना में विकास के वादे के साथ बीजेपी उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान की अपील की।
- केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर और खेल मंत्री गौरव गौतम ने हथीन में जनसभा की।
- नगर निकाय चुनाव के लिए प्रचार समाप्त हुआ। मतदान 2 मार्च को होगा।
- अंबाला के उप महापौर और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेश मेहता और रतिया नगर पालिका की प्रधान प्रीति खन्ना कांग्रेस छोड़ बीजेपी में शामिल हुए।

****

हरियाणा में आज नगर निकाय चुनाव के लिए प्रचार चरम पर रहा। सभी राजनीतिक दलों ने अपने उम्मीदवारों के लिए समर्थन मांगा।मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज कुरुक्षेत्र जिले के इस्माईलाबाद, अंबाला और जाखल में जनसभा को संबोधित किया।मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस्माईलाबाद में नगर पालिका प्रधान पद की प्रत्याशी मेघा बंसल के समर्थन में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए इस्माईलाबाद शहर को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाने की गारंटी दी।

इस्माईलाबाद में सांसद नवीन जिंदल ने भी नगर पालिका प्रधान पद के लिए बी जे पी की प्रत्याशी मेघा बंसल के लिए वोट की अपील की।

उन्होंने कहा कि इस्माईलाबाद को स्वच्छ, सुंदर और विकसित शहर बनाने के लिए केन्द्र, राज्य और नगर निकाय सरकार तेजी गति के साथ काम करेगी।

अंबाला में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा की सरकार अपने एक-एक वायदे को पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने 100 दिन के कार्यकाल में लोगों के हित में ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं।

मुख्यमंत्री ने बी जी पी की प्रधान पद की प्रत्याशी शैलजा सचदेवा को वोट देने की अपील की। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने फतेहाबाद के जाखल में भी चुनावी जनसभा को संबोधित किया और पार्टी के प्रधान पद के उम्मीदवार सुरेंद्र मित्तल के पक्ष में मतदान की अपील की।

यहाँ मीडिया से बातचीत में नायब सिंह सैनी ने 2027 में पंजाब में बीजेपी की सरकार बनने का भी दावा किया।

****

हथीन नगर पालिका आम चुनाव को लेकर आज केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने लोगों से बी जे पी प्रत्याशी रेणु लता के पक्ष में वोट देने की अपील की। इस अवसर पर खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम और पूर्व मंत्री हर्ष कुमार भी मौजूद रहे ।

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि जनता समझदार है वह हथीन में भी सही निर्णय लेकर वोट देगी।

उन्होंने कहा कि बी जे पी सरकार में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य किया जाता है।

खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने भी जनसभा को संबोधित किया और बी जे पी प्रत्याशी के पक्ष में वोट देने की अपील की-

पूर्व मंत्री हर्ष कुमार ने कहा कि हथीन में बी जे पी का प्रधान बनने पर क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी।

****

निकाय चुनाव में आज प्रचार के अंतिम दिन सतारूढ पार्टी की सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने जुलाना में पार्टी प्रत्याशी डाक्टर संजय जांगड़ा के पक्ष में चुनाव प्रचार किया और लोगों से उनके पक्ष में मतदान करने की अपील की।श्री बेदी ने कहा की बी जे पी कार्यकर्ता चुनाव में जीत के लिए जी जान से लगे हैं। उन्होंने चुनाव में बी जी पी की जीत का दावा किया।

इस अवसर पर मीडिया से बातचीत में कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा।

उन्होंने कांग्रेस की आलोचना की और कहा कि कांग्रेस पास कुछ नहीं बचा है ।

****

नगर निकाय चुनाव के लिए प्रचार आज समाप्त हो गया। मतदान 2 मार्च को होगा। हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव योगेश कुमार मेहता ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि सभी उम्मीदवारों को आचार संहिता का पालन प्रचार बंद होने के बाद भी करना है। इसके लिए चुनाव वाले सभी जिलों में पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं।

उन्होंने बताया की चुनाव में महापौर पद के लिए 39 उम्मीदवार, नगर परिषद प्रधान के लिए 27 और नगर पालिका प्रधान के लिए 217 उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं।

****

पंजाब हरियाणा और चंडीगढ़ में रुक रुक कर बारिश हो रही है। चंडीगढ़ में मौसम विभाग के निदेशक सुरेन्द्र कुमार ने बताया -

उन्होंने कहा की इसके चलते अधिकतम तापमान में कमी आएगी और न्यूनतम तापमान भी कल से कम होगा। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर मार्च महीने में तापमान सामान्य के आसपास या इससे कम रहेगा।

****

अम्बाला नगर निगम के महापौर के उपचुनाव के लिए मतदान से पहले ही नगर निगम में उप महापौर और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेश मेहता आज भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। आज मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की जनसभा में उन्होंने बी जे पी का दामन थामा। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने राजेश मेहता का पार्टी में स्वागत किया। श्री राजेश मेहता ने बी जे पी की सदस्यता ग्रहण करते हुए कहा कि वह मुख्यमंत्री और पूर्व मंत्री असीम गोयल की जनहितैषी नीतियों से प्रभावित होकर बी जे पी में शामिल हो रहे हैं। इसे अंबाला शहर में कांग्रेस के नुकसान के तौर पर देखा जा रहा है।फतेहाबाद के जाखल में मुख्यमंत्री की रैली के दौरान रतिया नगर पालिका की प्रधान प्रीति खन्ना भी काँग्रेस छोड़ कर बी जी पी में शामिल हो गईं।